TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

## जयंती विशेष

22 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विपरीत परिस्थितियों में भी अटूट लगन और

विश्वास से महान कार्य किये जा सकते हैं।

श्रीनिवास अयंगर रामानुजन

( महान गणितज्ञ )



जन्म : 22 दिसम्बर 1887 मृत्यु : 26 अप्रैल 1920

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

22 दिसंबर

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय गणित दिवस




भारत में वर्ष **2012** से प्रत्येक वर्ष **22** दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष देश भर में रामानुजन की **134** वीं जयंती मनाई जा रही है। रामानुजन के पास विचारों का खजाना था, जिन्होंने **20** वीं सदी के गणित को बदलकर एक नया आकर दिया। ये विचार **21** वीं सदी के गणित को आकार देते रहते हैं। राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य लोगों को गणित के विकास और मानवता के विकास में इसके महत्व से अवगत कराना है। राष्ट्रीय गणित दिवस पहली बार **2012** में मनाया गया था जब पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने इस दिन को **26** फरवरी **2012** को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया था। बता दें कि डॉ मनमोहन सिंह रामानुजन की उपलब्धियों के लिए उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मद्रास विश्वविद्यालय का दौरा कर रहे थे। तब से हर साल **22** दिसंबर को गणित के क्षेत्र में रामानुजन के काम का सम्मान करने के लिए ये खास दिन मनाया जाता है।

# जयंती विशेष 22 दिसम्बर




श्रीनिवास अयंगर रामानुजन जन्म: 22 दिसम्बर, 1887; मृत्यु: 26 अप्रैल, 1920) महान् भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए वरन् भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया।



राकेश कुमार

TOB
# खेल कॉर्नर

ICC टी-20

## बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | बॉलर | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | वरुण चक्रवर्ती | भारत | 818 |
| 2 | जैकब डफी | न्यूजीलैंड | 699 |
| 3 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 694 |
| 4 | अबरार अहमद | पाकिस्तान | 691 |
| 5 | वनिंदु हसरंगा | श्रीलंका | 687 |
| 6 | आदिल राशिद | इंग्लैंड | 686 |
| 7 | अकील हुसैन | वेस्टइंडीज | 675 |
| 8 | मुस्तफिजुर रहमान | बांग्लादेश | 665 |
| 9 | नाथन एलिस | ऑस्ट्रेलिया | 660 |
| 10 | एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 655 |

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

## शैक्षणिक सत्र

## 2025 – 26





### थीम

| | |
|---|---|
| 31 मई | पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम |
| 28 जून | उपस्थिति और सरकारी योजनाएं |
| 26 जुलाई | व्यावसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण |
| 30 अगस्त | खेलो और सीखो |
| 27 सितंबर | निपुण बनेगा बिहार हमारा |
| 29 नवंबर | हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा |
| 24 दिसम्बर | हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा |
| 31 जनवरी | हम और आप मिल कर करेंगे बच्चों का समग्र विकास |
| 28 फरवरी | परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी |

राकेश कुमार

बिहार सरकार

## शिक्षा विभाग

# आमंत्रण - पत्र

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

प्रिय अभिभावकगण,

आपको सूचित किया जाता है कि राज्य के सभी प्रारम्भिक विद्यालयों में दिनांक **24/12/2025** को अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी **(PTM)** का आयोजन किया जा रहा है। इस मासिक संगोष्ठी का महत्वपूर्ण थीम - "हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा" के संदेश को प्रत्येक अभिभावक तक पहुँचाना है, ताकि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय से जुड़े रहें और किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो।

## मासिक संगोष्ठी थीम का उदेश्य

- प्रत्येक बच्चे की सीखने की गति, रुचि और आवश्यकता को समझते हुए अभिभावकों को यह संदेश देना कि हर बच्चा विशेष है और उसमें श्रेष्ठ बनने की क्षमता है।
- बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से जुडी क्षमताओं पर अभिभावकों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना।
- बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति पर अभिभावकों के साथ संवाद करना तथा एनीमिया की रोकथाम में विद्यालय एवं परिवार की संयुक्त भूमिका पर चर्चा करना।
- विद्यालय और परिवार के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण को सशक्त बनाना।

**स्थान: आपके बच्चे का विद्यालय**



Teachers of Bihar
The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द **22.12.2025**




## राष्ट्रीय गणित दिवस

भारत में हर साल **22** दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस **(National Mathematics Day)** मनाया जाता है। यह दिन महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।साल **2012** में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मद्रास विश्वविद्यालय में रामानुजन के सम्मान में इस दिन की घोषणा की थी। इसका मुख्य लक्ष्य गणित के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को इस विषय में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
SHREE HANUMAN
CHALISA
यूट्यूब पर हनुमना चालीसा ने इतिहास रच दिया
है। हनुमान चालीसा ने दुनियाभर में सबसे पहले
5 बिलियन व्यूज़ सबसे पहले पूरे किए हैं।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
"जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं"
मैथिली शरण गुप्त
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
π ≈ 3.14
101₂ = 5₁₀
गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत
कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' महान गणितज्ञ
श्रीनिवासन रामानुजन
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 22 दिसम्बर 1887 - मृत्यु- 26 अप्रैल 1920
/teachersofbihar
मधु प्रिया